तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 जिले को मिली विकास की सौगातें, स्वास्थ्य मंत्री ने खोला...



13 नागरिकों व अधिकारियों ने लगाई एकता दौड़



## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव का आगमन आज

**जगदलपुर।** उपमुख्यमंत्री अरूण साव रविवार को स्टेट प्लेन से 12 बजे मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से सिटी ग्राउंड जाकर छत्तीसगढ़ राज्योत्सव का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 1:15 बजे से 2 बजे तक सर्किट हाउस में रहेंगे। उसके बाद 2:15 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



### काली पट्टी लगाकर 7 को शिक्षक निकालेंगे रैली

**जगदलपुर।** सर्व शैक्षिक संगठन के तत्वावधान में आगामी 7 नवंबर को जगदलपुर में शिक्षकों की रैली निकलेगी। मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। 31 अक्टूबर को वर्चुअल बैठक में सभी जिलों के पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि संयुक्त संचालक शिक्षा को हटाने आंदोलन जारी रहेगा। चर्चा में दस शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। 3 नवंबर से सातों जिलों और विकासखंडों के शिक्षक काली पट्टी लगाकर विरोध दर्ज करेंगे।

### अभद्रता पर आदिवासी थाने का घेराव 6 को

**जगदलपुर।** आदिवासी लक्ष्मण करटामी के साथ ज्योति प्लास्टिक के मालिक ने गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत आदिवासी थाना जगदलपुर में की गई । बावजूद थाना प्रभारी ने एफआईआर दर्ज नहीं की बल्कि शिकायत वापस लेने आरोपी पक्ष दबाव बना रहा है। एसडीएम तोकापाल को दिए ज्ञापन में शिकायतकर्ता तथा तोकापाल क्षेत्र के ग्रामीणों ने आदिवासी थाना का घेराव एवं पैदल मार्च की बात कही है। उन्होंने कहा कि 6 नवंबर को तोकापाल से जगदलपुर आदिवासी थाना तक पदयात्रा कर घेराव करेंगे। हमारी मांग है तत्काल एफआईआर दर्ज हो और दोषी दुकानदार पर कार्यवाही की जाए।

### नेगीरास में सरपंच ने किया राशन दुकान का उद्घाटन



**जगदलपुर।** ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने नेगीरास पारा में राशन दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा अब यहां के लोगों को राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। बहुत समय से नेगीरास के ग्रामीणों को राशन के लिए दूर जाना पड़ता था। वर्षों से राशन दुकान को लेकर मांग थी जिसे गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ लेते हुए गढ़िया के सरपंच ने पहल की और उनके सतत प्रयास से आज एक नवंबर को राशन दुकान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सरपंच भरत कश्यप का जन्मदिन केक काटकर मनाया। ग्राम पंचायत के उपस्थित सभी पंच गण, ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनादी। भरत में कहा कि कहीं भी दो राशन की दुकान नहीं है परंतु ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए यह दूसरा राशन दुकान अब नेगीरास के ग्रामीणों का जीवन आसान बनायेगी। इस दौरान उपसरपंच संतुराम कश्यप, पीलुराम बघेल,हेमनाथ कश्यप,पदमन,निरंजन बघेल, सुकालु कश्यप,लखन कश्यप, तुलसी,कुंदन सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

एक गांव में दो राशन दुकान सरपंच की देन

# परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले सीमावर्ती राज्यों के 722 वाहन

## ऐसे वाहनों पर 15.42 लाख का किया जुर्माना, चालकों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के सीमावर्ती राज्य में धनपूंजी पर परिवहन विभाग के बेरियर में सीमावर्ती राज्य जाने-आने की वाहनों की 24 घंटे जांच की जा रही है। इस दौरान एक माह में सीमावर्ती राज्यों की 722 वाहन एवं सीजी के 169 वाहन परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले, ऐसे वाहनों से सीमावर्ती राज्यों की वाहनों पर 15 लाख 42 हजार 500 रूपए, सीजी के वाहनों पर 2 लाख 36 हजार 300 रूपए की कार्रवाई की। बिना तिरपाल के विरुद्ध कार्यवाही 58 वाहनों से एक लाख 16 हजार, फिटनेस पर 40 वाहनों से एक लाख 86 हजार, प्रेशर हॉर्न पर 63 वाहनों पर एक लाख 26 हजार, प्रदूषण प्रमाण पत्र पर 75 वाहनों पर चालान कर एक लाख 50 हजार एवं 6 वाहनों से बकाया कर 99 हजार 786 रुपए का राजस्व वसूल किया गया। साथ ही 5 ई-चालान में 35 हजार 100, यानकर टीपी एक लाख 86 हजार 250 और यानकर पीएसवी में 68 हजार 404 रूपए की कार्रवाई की। इस तरह से बेरियर में 902 वाहनों से 21 लाख 68 हजार 340 रूपए जुर्माना किया गया।

■ बिना तिरपाल के खनिज परिवहन करते 58 वाहनों से 1.16 लाख राजस्व वसूला



### नियम तोड़ने पर होगी सख्ती

बेरियर धनपूंजी के प्रभारी एवं निरीक्षक जीवराखन लाल दीवान ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। बेरियर में वाहनों की जांच की जा रही है, इसलिए चालक एवं मालिक नियमों का पालन करें।

## सड़क के निर्माण से तीनों गांव के ग्रामीणों को मिलेगी पगडंडी से छुटकारा

# सर्वाधिक नक्सल प्रभावित ग्राम गलगम-करेकुटटा तक बनेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले अंतर्गत पामेड़ क्षेत्र का गलगम-करेकुटटा गांव एक सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां आज भी लोग सड़क के बजाय कच्ची पगडंडियों का सहारा लेने को मजबूर हैं। सड़क न होने के कारण विकास कार्य बाधित हो रहे हैं और ग्रामीण आवागमन के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

गलगम जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण जैसी विकास परियोजनाओं को नक्सलवाद के कारण पूरा करना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि यह अक्सर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच टकराव का केंद्र बन गया है। इस गांव के ग्रामीणों एवं सुरक्षा बलों की सुविधा के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से गलगम-करेकुटटा गांव तक साढ़े तीन किमी 8 करोड़ रूपए की लागत से सड़क का निर्माण करेगा। यह गांव वन क्षेत्र होने के चलते वन विभाग को स्वीकृति के लिए 2 अक्टूबर को आवेदन दिया गया था, जिसे सीसीएफ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आवेदन के 8 दिन में यानि 10 अक्टूबर को ही स्वीकृत करवाया। बताया जा रहा है कि साढ़े तीन किमी में लगभग 500 छोटे-बड़े वृक्षों के क्षतिपूति के लिए डेढ करोड़ रूपए का डिमांडनोट पीडब्ल्यूडी को दिया, जिसे विभाग ने वन विभाग को भुगतान कर दिया है।





### सड़क का होगा निर्माण

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर जोन के मुख्य अभियंता एमएल उरांव ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की ओर से शीघ्र ही साढ़े तीन किमी तक सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इससे गलगम, करेकुटटा, कोत्तापल्ली गांव के ग्रामीणों को आवागमन के लिए पगडंडी से छुटकारा मिलेगा।

### सड़क के लिए 8 दिन में दी स्वीकृति

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने इस संबंध में बताया कि उक्त अंदरूनी क्षेत्र होने एवं ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखकर सड़क के लिए 8 दिन में स्वीकृति दी गई।



# प्रतिबंधित केप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने प्रतिबधिंत नशीली केप्सूल बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 1742 रूपए की नशीली केप्सूल जब्त कर महिला को जेल भेज दिया है।

■ नशे के खिलाफ बोधघाट पुलिस की कार्रवाई, 1742 रुपए की नशीली केप्सूल जब्त

नशीली दवा बेचे जाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि शांतिनगर फ्रेजरपुर मोती बघेल गली निवासी महिला अपने घर में अवैध प्रतिबंधित नशीली केप्सूल रखकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रही है। टीम द्वारा मौके पर जाकर मुखबिर के बताये स्थान में जाकर संदेही की तस्दीक किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सत्यवती महापात्र 38 वर्ष निवासी शांतिनगर फ्रेजरपुर मोतीराम बघेल गली की रहने वाली बताया। वह अपने घर पर नशीली केप्सूल रखकर ग्राहक का इंतजार कर रही थी। उसके कब्जे से प्रतिबंधित नशीली केप्सूल 176 नग कीमत 1 हजार 742 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपिया को गिरफ्तार कर उसके ▶▶| शेष पेज 12 पर



### इनकी रही अहम भूमिका

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम के तहत बस्तर एसपी के निर्देश पर नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत त्वरित कार्रवाई कर नशीली केप्सूल जब्त कर आरोपिया को जेल भेजने में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सुजाता नायडू, प्रधान आरक्षक पवन श्रीवास्तव, अहिलेश नाग, वर्षा साहू, आरक्षक होरीलाल आर्मो, युवराज, थानेन्द्र सिन्हा, विजय तिर्की, अजित सरकार, तिलोत्मा कश्यप व प्रतिमा रावटे की अहम भूमिका रही।

# कांग्रेस ने इंदिरा की पुण्यतिथि और पटेल की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आज राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौय के निदेर्शानुसार पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं के द्वारा चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया।

वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश को एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। उन्होंने पूरी दुनिया के सामने भारत को एक मजबूत देश के रूप में खड़ा किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने रियासतों का विलय कराया। उनकी दृढ़ता को देखते हुए उन्हें लौह पुरुष की उपाधि दी गई। इस दौरान हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, गौरनाथ नाग,पार्षद सूयार्पानी, दिलीप सेठिया, भुवन झा, रविशंकर तिवारी, विजय उईके, वीरेंद्र परिहार, संजय पाणिग्रही, नरेंद्र तिवारी, हरिशंकर सिंह, विक्रांत सिंह, सलीम जाफर अली, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आज बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में समस्त पार्षदगण, कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं द्वारा प्रतापदेव वार्ड में शासकीय भूमि में मल्टी स्टोरी पार्किंग बनाने की मांग को लेकर झंकार टॉकीज चौंक से कोतवाली तक जनमानस के सुझाव स्वरूप हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जनमानस का समर्थन मिला। दुकान दुकान पहुंचकर कांग्रेसियों ने महापौर और नगर सरकार के निर्णय को जन विरोधी बताते लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला, रामशंकर राव,गौरनाथ नाग, कौशल नागवंशी,अतिरिक्त शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,पार्षद सूयार्पानी, जाहिद हुसैन, सूरज कश्यप,युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई,एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खम्बारी,कैलाश नाग,विक्रम सिंह डांगी,शुभम यदू,राकेश मोर,आभास महंती, निकेत झा, विश्वनाथ चौधरी, नीतीश शर्मा, अंजना नाग,एस नीला ज्योति राव, शादाब अहमद,कमला भतरा,मनीता रावत अभय तिवारी,समीर खान, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे ।



# पीएम के विचारों के आलोक में विकास होगा तेज : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रजत जयंती उत्सव में उत्साह, उमंग और संकल्पों की ऊर्जा के साथ भाग लेने के लिए प्रदेश की जनता-जनार्दन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्योत्सव का शुभारंभ कर प्रदेशवासियों का सम्मान बढ़ाया। छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा स्वर्णिम संकल्पों की पूर्ति की साक्षी बने और 2047 तक छत्तीसगढ़ विकसित राज्य के रूप में स्थापित हो इस प्रतिबद्धता के साथ हम सबको कदम-से-कदम मिलाकर चलना होगा। देव ने प्रधानमंत्री मोदी की छत्तीसगढ़ के प्रति आत्मीयता के लिए कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ रजत उत्सव में प्रधानमंत्री के व्यक्त विचारों के आलोक में समर्पण और निष्ठा के साथ विकास के मार्ग पर हम सब आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रतिबद्ध होकर सरकार काम कर रही है।

■ प्रधानमंत्री ने राज्योत्सव का शुभारंभ कर प्रदेशवासियों का बढ़ाया सम्मान



## हैप्पी कामधेनु गौशाला में गौसेवा और गौ-रक्षा में योगदान देने वाले सम्मानित

# गोपाष्टमी पर छप्पन भोग अर्पितकर की गौ माता की पूजा-अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोपाष्टमी पर हैप्पी कामधेनु गौशाला में गौसेवा और गौ-रक्षा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बजरंग दल के गौसेवकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन गौसेवा आयोग के जिला सदस्य एवं गौशाला संचालक दीपक पनपालिया ने किया।

जिला संयोजक बजरंग दल मुन्ना कोरी ने कहा कि हैप्पी कामधेनु गौशाला केवल बस्तर ही नहीं बल्कि पूरे संभाग और पड़ोसी राज्यों के लिए भी एक आश्रय स्थल बन चुकी है। घायल एवं बीमार गौवंश को यहां लाकर उपचार, चारा-पानी और रहने के लिए शेड जैसी सभी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि यह सेवा कार्य कई दशकों से निरंतर जारी है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि ऐसे निस्वार्थ सेवा कार्य करने वाले संस्थान को राष्ट्रीय एवं राजकीय सम्मान से सम्मानित किया जाए ताकि समाज में गौसेवा की भावना और सशक्त हो सके। गोपाष्टमी पर श्रद्धालुओं ने गौमाताओं को छप्पन भोग अर्पित किया तथा गौपूजन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरा परिसर जय गौमाता के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण में भक्ति, करुणा तथा सेवा का संदेश फैल गया।



### घायल, बीमार और असहाय गौवंश का उपचार



हैप्पी कामधेनु गौशाला बस्तर में पिछले कई वर्ष से निरंतर गौसेवा का कार्य कर रही है। यहां घायल, बीमार और असहाय गौवंश को उपचार, भोजन, पानी और सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जाता है। प्रतिदिन सैकड़ों गौसेवक निस्वार्थ भाव से गौमाताओं की सेवा में लगे रहते हैं। यह गौशाला बस्तर के साथ-साथ पड़ोसी जिलों से भी आए गौवंश के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बन चुकी है जो आज पूरे प्रदेश में गौसेवा की एक जीवंत मिसाल के रूप में स्थापित है।

# प्रेजेंटेशन में छात्रों ने प्लास्टिक कचरे का खतरा किया उजागर और दिया फंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में एसीई यूनिसेफ के तत्वावधान में हैकाथॉन ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को हैकाथॉन की प्रक्रिया, विषय एवं भागीदारी के अवसरों से अवगत कराना था। यूनिसेफ के बीराजा काबी सतपथी ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि हैकाथॉन का विषय सॉलिड एंड प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रखा गया है जिसके तहत विद्यार्थी अपने नए विचार प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह मंच युवाओं के लिए एक अवसर है जहां वे अपने रचनात्मक सोच के माध्यम से समाज की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोज सकते हैं। दिलीप गोस्वामी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बस्तर जिले में चल रहे विभिन्न अभियानों की जानकारी साझा की और विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे इस हैकाथॉन में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति जब स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करती है, तब समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। डॉ अभिषेक अवस्थी, हैकाथॉन समन्वयक, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ यूनिसेफ के प्रतिनिधि ने नवाचार के लिए किया प्रेरित



## खबर संक्षेप

### ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने की मांग



**घाटलोहंगा।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा 25 सितंबर को जारी कोर्ट मैनेजर भर्ती परीक्षा के विज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान न होने पर ओबीसी महासभा ने विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के आदेश एवं प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देशानुसार बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु के नेतृत्व में ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय नई दिल्ली, राज्यपाल, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, रजिस्ट्रार जनरल, विधि विधाई मंत्री, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं महाधिवक्ता को संबोधित ज्ञापन बस्तर जिले के संयुक्त कलेक्टर को सौंपा। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि यह ज्ञापन ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सौंपा गया है। संगठन ने सरकार से अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करने, आयोगीय दर्जा प्रदान करने तथा समाज के हितों से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### सर्व आदिवासी समाज ने जांच टीम गठित कर पहुंची नवोदय



**दंतेवाड़ा।** बीते गुरुवार को जिले के बारसूर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत छात्र ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में छात्र को बारसूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई गीदम की टीम ने जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर पहुंचकर प्राचार्य, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की।

टीम ने हॉस्टल और घटना स्थल का निरीक्षण भी किया। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि जांच निष्पक्ष रूप से होनी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई गीदम का यह भी कहना है कि मात्र 11 वर्ष का मासूम बच्चा खुद से ऐसा कदम नहीं उठा सकता, जब तक कि उस पर किसी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना न हुई हो। समाज ने पुलिस प्रशासन से पारदर्शी जांच की मांग की है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस प्रशासन ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी

# नागरिकों व अधिकारियों ने लगाई एकता दौड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा

कोंटा पुलिस प्रशासन के नेतृत्व में एका मिर्राना के बैरन तले रन फॉर यूनिट दौड़ का आयोजन किया गया। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला ने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में नगर के गणमान्य नागरिकों अधिकारियों स्कूली बच्चों को एकता अखंडता एवं राष्ट्रीय समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने की शपथ दिलाई।




ज्ञात हो कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रशासनिक सेवा आईएएस और आईपीएस जैसे अखिल भारतीय सेवा को स्टील फ्रेम के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसे आज भी भारत की प्रशासनिक रीढ़ माना जाता है। इस खास मौके पर अधिकारियों ने स्थानीय बस स्टैंड चौक से लेकर पड़ोसी राज्य के बॉर्डर तक एकता की दौड़ लगाई।

इस अवसर पर कोंटा एसडीएम सुभाष शुक्ला तहसीलदार गिरीश निंबलकर बीईओ श्रीनिवास राव बीआरसी वीरभद्र राव थाना प्रभारी सलीम काका सब सब इंस्पेक्टर मड़काम मुदराज भाजपा जिला उपाध्यक्ष जी.साई रेड्डी मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष पवन सिद्धू स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य भरत किशोर वर्षा सहित वरिष्ठ शिक्षक टी.श्रीनिवास राव एवमं आत्मानंद के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं नगर अन्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

## 231 बटालियन ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

सुनील भवर कमाण्डेंट के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 231 बटालियन मुख्यालय जावंगा गीदम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं ने 231 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के साथ राष्ट्रीय एकता दौड़ में भाग लिया। राष्ट्रीय एकता दौड़ की शुरूआत 231 वाहिनी मुख्यालय गीदम से हुई तथा जावंगा गांव, गीदम एजूकेशन सिटी तक पहुंची व वापस 231 वाहिनी मुख्यालय गीदम में समापन हुई। इस अभियान के माध्यम से स्थानीय नागरिकों में देशप्रेम की भावना को और प्रबल बनाना उद्देशित था। इस दौड़ में स्थानीय नागरिकों तथा छात्रों ने भी बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



इस अवसर पर सुनील भवर कमाण्डेंट ने एकता दौड़ में शामिल हुए युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय एकता को और अधिक मजबूत करने तथा देश के विकास में अपना योगदान देने का आह्वान किया गया, जिसका उपस्थित स्थानीय युवाओं तथा जवानों के द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया गया। कमाण्डेंट ने वाहिनी मुख्यालय प्रांगण में जवानों तथा अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

समारोह में सौरभ राय द्वि. कमा. अधिकारी प्रताप कुमार बेहेरा उप कमा, डॉ. रवि प्रकाश सुनकर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, सुनील कुमार सिंह सहायक कमाण्डेंट, सोलंके विजयकुमार मनोहरराव सहायक कमाण्डेंट एवं बड़ी संख्या में वाहिनी के जवान उपस्थित हुए।

## राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देने लगाई दौड़




हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र में एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल के नेतृत्व में अधिकारी और कर्मचारी, स्कूल के बच्चे और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना और लोगों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ावा देना था। रन फॉर यूनिटी का आयोजन गीदम के मुख्य मार्ग पर किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर थाना प्रभारी विजय पटेल ने कहा कि एकता और अखंडता ही देश की ताकत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें।

## राष्ट्रीय एकता व अखंडता की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर जिले में एका मिर्राना राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन प्रातः 7 बजे मिनी स्टेडियम बीजापुर से किया गया जो लोहा डोंगरी तक संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस विभाग, जिला प्रशासन, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, शिक्षा विभाग, वन विभाग, बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी, स्काउट-गाइड्स एवं स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में लगभग 650 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिनमें स्कूली बच्चे, अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर लोहा डोंगरी में पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कलेक्टर



संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ,वन मण्डलाधिकारी बीजापुर, रंगानाथा रामाकृष्ण वाय, अति पुलिस अधीक्षक ऑप्स रविन्द्र कुमार मीणा, अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल एवं जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एका मिर्राना राष्ट्रीय एकता दौड़ का उद्देश्य देश के एकता, अखंडता एवं भाईचारे के भाव को जन-जन तक पहुंचाना तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के योगदान को नमन करना रहा। बीजापुर पुलिस द्वारा जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय एकता, सद्भाव एवं विकास की भावना को आगे बढ़ाने की अपील की गई।

## लौह पुरुष के सिद्धांत और विचारों का अनुशरण करना सबका कर्तव्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित एका मिर्राना अर्थात एकता की राह पर कदम से कदम मिलाकर थीम पर आयोजित इस दौड़ में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पुलिस बलों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं सहित लगभग डेढ़ हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी दी। यह एकता दौड़ जिला कार्यालय से प्रारंभ होकर कारली में संपन्न हुई। जिसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर

- अधिकारियों एवं स्कूली छात्र, छात्राओं ने कारली तक दौड़ लगाकर दिया एकता का संदेश




उपस्थित जनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की सिद्धांत और विचारों का अनुशरण करना हम सबका कर्तव्य है, जिस तरह उन्होंने देश की एकता और अखंडता को एकजुट करने के लिए अपना योगदान दिया है, वह सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस दौरान दौड़ के समापन पर एकता शपथ भी ली गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, आरके बर्मन मौजूद रहे।

# खिचड़ी वितरण कर लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

टेकनार चौक दंतेवाड़ा में आज भगवान खाटू श्याम के पावन जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस शुभ अवसर पर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में महाभंडारा प्रसाद वितरण का किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन

- खाटू श्याम बाबा के नाम से भाईचारे का संदेश देना उद्देश्य

एकत्र हुए और भक्ति भाव से खाटू श्याम जी का स्मरण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में विशेष रूप से खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया, जिसका आनंद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने लिया। कार्यक्रम का आयोजन छविंद्र कर्मा, पीसीसी मेंबर, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस



कमेटी के नेतृत्व में किया गया। छविंद्र कर्मा ने कहा कि भगवान खाटू श्याम जी की कृपा से समाज में सद्भाव, प्रेम और भाईचारे का संदेश फैलाना ही इस आयोजन का उद्देश्य है। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति संगीत और श्याम नाम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसमे उपस्थित जिला महामंत्री विमल सलाम युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा, आकश विश्वास, गायेंद्र सिंह,अरुण सोनानी, आयुष यादव, सोम आत्राम, छविंद्र नेताम, त्रिनाथ, अभिषेक सलाम एवं अन्य मौजूद थे।

# 56 वर्ष बाद व्यापारी संघ का चुनाव चेंबर की देन : सोनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल

लौह नगरी किरंदुल में किरंदुल व्यापारी कल्याण संघ का चुनाव कुछ दिन पूर्व हुआ है। फिर से किरंदुल में व्यापारी संघ के पुराने कमेटी चुनाव करवा रही हैं, जिससे किरंदुल के व्यापारी भ्रम की स्थिति में है और दो गुट में बटे नजर

- हमने नगर के हर व्यापारियों को संघ में जोड़ने का काम किया है

आ रहे हैं। इस पर संचालन कमेटी के सदस्य रवींद्र सोनी ने कहा है कि पिछले 56 वर्षों से किरंदुल में व्यापारी संघ संचालित थी।

परंतु कभी चुनाव के माध्यम से पदाधिकारियों का चयन नहीं किया गया था। पूर्व में नगर के वरिष्ठ व्यापारियों ने बखूबी इस संघ का संचालन किया। परंतु पिछले 12 वर्षों पूर्व संघ की बागडोर युवा पीढ़ी



को सौंपने के बाद संघ में निष्क्रियता आ गई थी। वर्षो पहले केवल मुख्य बाजार में ही दुकाने थी। समय के साथ नगर में जनसंख्या वृद्धि के साथ हर क्षेत्र में दुकानों का विस्तार हुआ और व्यापारियों की संख्या में लगातार वृद्धि होती गई। पर व्यापारी संघ द्वारा नए व्यापारियों को संघ में सदस्यता नहीं दी गई। न ही संघ के विस्तार की दिशा में कोई पहल की गई। व्यापारियों द्वारा लगातार संघ का चुनाव कराने का आग्रह किया जा रहा था पर पूर्व संघ द्वारा ऐसा नहीं किया गया। चंद लोगों द्वारा ही पदाधिकारियों का चयन किया जाने लगा और चंद लोगों द्वारा ही संघ का हर निर्णय लिया जाने लगा कभी संघ का लेखा जोखा तक सदस्यों को नहीं दिखाया गया, जिससे व्यापारियों में काफी नारजगी उत्पन्न होने लगी।

ऐसी परिस्थिति में नगर के कुछ वरिष्ठ व्यापरियों ने नगर के हर क्षेत्र के व्यापारियों को एक सूत्र में बांधने का काम किया और सभी के सहमति से किरंदुल के इतिहास में पहली बार व्यापारी संघ का निष्पक्ष चुनाव कराकर व्यापारियों को एक ईमानदार व सशक्त नेतृत्व प्रदान किया।

इस चुनाव को रोकने के लिए पूर्व कमेटी में अनेक प्रयास किए परंतु चुनाव में 94 प्रतिशत मतदान कर व्यापारियों ने पूर्व कमेटी को जवाब दिया जिससे अपनी शाख ओर मजबूरी में पूर्व संघ चुनाव करवा रहा है। ओम सोनी पैनल चुनाव जीत कर संघ का रजिस्ट्रेशन किरंदुल चैंबर ऑफ कॉमर्स के नाम से किया गया हैं।

अब सभी व्यापारी गर्व से कह सकते है की हम एक बहुत बड़े रजिस्टर्ड संस्था के सदस्य हैं। आपकी सहमति व सहयोग से आपके द्वारा चुने हुए पदाधिकारीगण निश्चित रूप से व्यापारी हित बेहतर कार्य कर आपके भरोसे के कसौटी में खरा उतरेंगे।

# विधायक ने किया 2 मंदिरों का लोकार्पण व सड़क निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज : घाटलोहंगा/भोण्ड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चोकर के आश्रित ग्राम महुपालबारी एवं चोकर में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर ग्रामवासियों ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं और जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया जगह-जगह स्वागत की कड़ी बढ़ती गई, ग्रामीणों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

विधायक ने इस अवसर पर ग्राम महुपालबारी एवं चोकर में खांडा कंकालिन माता मंदिर और बामनदई भण्डारनी माता मंदिर का फीता काटकर लोकार्पण किया। मंदिरों के लोकार्पण अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और



पारंपरिक नृत्य-गान के साथ समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के दौरान ग्रामवासियों ने विधायक से गांव में सीसी रोड निर्माण की मांग की और ग्रामीणों ने कहा कि जिस तरह आपने हमारे गांव में चौमुखी विकास कार्य कराए हैं, उसी प्रकार यदि 150 मीटर और सीसी सड़क निर्माण हो जाए तो पूरे गांव में स्वच्छता और सुविधा बढ़ेगी। ग्रामवासियों की मांग पर विधायक ने तत्काल 150 मीटर सीसी सड़क निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने मंदिर से मुख्य सड़क तक जाने के लिए 70 मीटर अतिरिक्त सड़क निर्माण की भी घोषणा की। इन घोषणाओं के बाद उपस्थित जनसमूह में भारी उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व में गांवों में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का चेहरा बदल रहा है

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान मौजूद रहे जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष गणेश बघेल, इंद्रावती जल बचाव अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप, जयंती नेताम, गजेंद्र बघेल, राधि बघेल, कृष्णा बघेल, रुद्रप्रताप, डमरूधर बघेल, तुलसीराम ठाकुर, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## एआई व मशीन लर्निंग पर दिया प्रशिक्षण



**गीदम।** पीएमश्री योजना के अंतर्गत एनआईईएलआईटी भुवनेश्वर के सहयोग से पीएमश्री विद्यालय कटेकल्याण में एआई एवं मशीन लर्निंग विषय पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 से 1 नवंबर तक संचालित हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने नई तकनीकों और कोडिंग के मूल सिद्धांतों को सीखा। इस कार्यक्रम में महेन्द्र बाघ ने मुख्य प्रशिक्षक, तोरण साहू ने सहयोगी प्रशिक्षक और अवंतिका मिश्रा ने तकनीकी सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य टी एल साहू और शिक्षक डीआर रावटे ने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत 31 अक्टूबर को दिव्यांग छात्रों के अभिभावकों हेतु गृह आधारित खंड स्त्रोत कार्यालय जगदलपुर में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में जिला मिशन मिशन समन्वयक अशोक पांडे का स्वागत दिव्यांग बच्चों ने पुष्प गुच्छ देकर किया।

जिला मिशन समन्वयक ने दिव्यांग बच्चों का भी पुष्प गुच्छ व चॉकलेट देकर सम्मान किया। विकासखंड जगदलपुर की खंड स्त्रोत समन्वयक राजेंद्र सिंह ठाकुर ने भी जिला मिशन समन्वयक का पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अभिभावकों से अशोक पांडे ने अपने संबोधन में कहा इस हाल में लक्ष्य से अधिक अभिभावकों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि अभिभावकगणों में



जागरुकता बढ रही है। अभिभावकों से कहा दिव्यांग बच्चों को किसी भी बच्चों से कम ना आंका जाए इन बच्चों में भी भावनाएं, संवेदनाएं, होती है, इन बच्चों के साथ सामान्य बच्चों के समान ही व्यवहार करना चाहिए और उनकी क्षमता के अनुसार उन्हें शैक्षणिक, सामाजिक, दैनिक क्रियाएं एवं अन्य गतिविधियों में समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए ताकि ये भी आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर हो सके।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा आप सभी को शासन की विभिन्न योजनाओं को विस्तार से बताया जाएगा। राजेंद्र सिंह ठाकुर खंड स्त्रोत समन्वयक जगदलपुर ने भी अपने संबोधन में कहा आज के प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों से संबंधित जानकारी एवं जिला संसाधन केंद्र में संचालित योजनाओं के बारे में पूर्ण रूप से आप लोगों को इस प्रशिक्षण में बताया जाएगा। शासन इन बच्चों के लिए एवं आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा दिव्यांग छात्रों की जीवन कौशल की संपादन की जानकारी एवं उन्हें आवश्यकता अनुसार थेरेपी की जानकारी प्रदान की गई।

## 25 सौ हितग्राहियों को मिलेगा नया आशियाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

छग राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिले के 25 सौ से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को नया आशियाना मिलेगा। मालूम हो कि रायपुर के अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली रूप से 3.5 लाख से अधिक हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश कराएंगे। दंतेवाड़ा जिले के 25 सौ हितग्राही भी इसमें शामिल होगें। जिनके मकानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। ज्ञात हो कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल स्वीकृत आवासों में 13334 तथा विशेष परियोजना के तहत 280 तथा नियद नेल्लानार योजना के तहत 1378 स्वीकृत आवास है जिनमें अब तक पूर्ण आवासों की संख्या 2702 विशेष परियोजना के तहत 3 और नियद नेल्लानार योजना के तहत 722 आवास पूर्ण कर चुके है। इसके साथ ही प्रथम किस्म प्राप्त हितग्राहियों की संख्या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10759, विशेष परियोजना के अन्तर्गत 189, और नियद नेल्लानार योजना के तहत 1125 है। इसके अलावा राज्य स्थापना दिवस पर 1020 आवासों हेतु भूमि पूजन भी किया जायेगा। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत और जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। आयोजन की सफलता के लिए रोजगार सहायकों और आवास मित्रों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।




### ।। नाम परिवर्तन ।।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती शीबा विजय पति- श्री विजय कुमार विद्यासागर, उम्र- 49 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 09 किरंदुल, थाना किरंदुल, तहसील - बडे बचेली, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) शपथ पूर्वक कथन करती हू। कि मैनें अपना पुराना नाम शीबा कुमारी एस० पिता- गंगाधरन, को त्याग कर नया नाम श्रीमती शीबा विजय पति- श्री विजय कुमार विद्यासागर, रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम श्रीमती शीबा विजय पति श्री विजय कुमार विद्यासागर, निवासी वार्ड क्रमांक- 09 किरंदुल, थाना- किरंदुल, तहसील बडे बचेली, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.) से ही जाना व पहचाना जावें।

**शपथकर्ता**
**श्रीमती शीबा विजय पति श्री विजय कुमार विद्यासागर,**
**निवासी- वार्ड क्रमांक 09 किरंदुल, थाना- किरंदुल, तहसील- बडेबचेली, जिला दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

**खबर संक्षेप**

## बस्तर की सुदूर बसाहटें अब मुख्यधारा से जुड़ीं



**जगदलपुर।** शासन की आदिवासी बहुल इलाकों में बारहमासी आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की कटिबद्धता के फलस्वरूप बस्तर जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के आदिवासी बसाहटें, जहां बरसात में कीचड़ और सूखे में धूल ही रास्ता हुआ करती थी, अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की बदौलत पक्की, चैड़ी और मजबूत सड़कों के द्वारा शहरों से जुड़ चुकी हैं। वर्ष 2000-01 से शुरू हुई इस यात्रा में अब तक डामरीकृत, सीमेंट कांक्रीट और नवोन्मेषी तकनीकों से कुल 2388.24 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिस पर 856 करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक की राशि व्यय हुई है। ये सड़कें सिर्फ चलने की राह नहीं, बल्कि जिंदगियों को जोड़ने वाली जीवनरेखाएं हैं। जिले में वामपंथी उग्रवाद से सबसे अधिक प्रभावित दरभा, बास्तानार, लोहंडीगुड़ा जैसे विकासखंडों में बनी इन सड़कों ने 1420 बसाहटों को पहली बार शहरों से सीधा संपर्क दिया। पहले जहां एक मरीज को अस्पताल पहुंचाने में घंटों की पैदल यात्रा करनी पड़ती थी, वहीं आज एम्बुलेंस गांव के आंगन तक पहुंच रही है। स्कूल जाने वाली बच्चियां, जो बरसात में किताबें बचाने के लिए प्लास्टिक में लपेटकर चलती थीं, अब बस-टैक्सी से स्कूल पहुंचती हैं। वनांचल में उत्पादित महुआ, चार, इमली, जंगली शहद और बांस से बने हस्तशिल्प अब जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर के बाजारों तक सीधे पहुंच रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके साथ ही जिले में कृषि एवं उद्यानिकी उपज और साग-सब्जी आसानी के साथ बाजार तक पहुंच रही है।

# धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी, महिलाओं ने की विशेष पूजा

## घरों में तुलसी चौरा पर तुलसी-शालिग्राम का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





एकादशी के अवसर पर बाजार में गन्ने और सिंघाड़े की खास रौनक देखने को मिली, क्योंकि देवउठनी एकादशी पर इनकी बहुत मांग होती है। बाजारों में इन चीजों की दुकानें सजीं और लोगों ने जमकर खरीदारी की। इसके अलावा, विभिन्न फलों और अन्य पूजन सामग्री की भी खूब बिक्री हुई। शहर के संजय मार्केट एवं गोलबाजार बाजार में चहल-पहल गन्ना एवं पूजा सामाग्री की दुकानें रहीं और कई जगहों पर विशेष दुकानें लगाई गईं, गन्ने की कीमत 50 से 30 गन्ना में बिका। लोगों ने पूजा और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए पूजन सामग्री की भी खरीदारी की। देव उठनी एकादशी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। चार माह के चातुर्मास व्रत के बाद भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागने की मान्यता के चलते लोगों ने पूजा-अर्चना कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। बस्तर संभाग के सभी जिलों के साथ ही संभाग मुख्यालय जगदलपुर के प्रमुख मंदिरों श्रीजगन्नाथ मंदिर, श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर एवं महादेव मंदिरों में भक्तों ने भजन-कीर्तन करते हुए भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा की। जगह-जगह तुलसी विवाह का आयोजन भी हुआ, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक परिधान धारण कर देवी तुलसी और भगवान शालिग्राम का वैवाहिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से संपन्न किया। बस्तर के ग्रामीण अंचलों में इस दिन विशेष सामूहिक पूजा, भंडारा और रात्रि भजन कार्यक्रम आयोजित किए गए। तुलसी चौरा की सजावट दीपों और फूलों से की गई। कई गांवों में युवतियों ने लोकगीतों पर नृत्य कर माहौल को भक्ति और उल्लास से भर दिया।

### भूमि सौदा पूरी तरह वैध, अपर कलेक्टर कोर्ट ने मेरे पक्ष में दिया निर्णय

# मेरी छवि धूमिल करने की साजिश हो रही : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कांग्रेस नेता सूरज कश्यप ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कहा कि मेरे खिलाफ चलाए जा रहे भ्रामक प्रचार के पीछे कतिपय तत्वों की सुनियोजित साजिश है। उद्देश्य सामाजिक और राजनीतिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाना है। पत्रकार संघ भवन में प्रेसवार्ता में उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस भूमि को लेकर विवाद खड़ा किया जा रहा है उसकी रजिस्ट्री और नामांतरण मेरे नाम से विधिवत दर्ज है जो राजस्व अभिलेखों में प्रमाणित है। अपर कलेक्टर न्यायालय ने जांच कर पक्ष में निर्णय दिया है। जिससे यह साबित होता है कि जमीन की खरीदी कानूनी रूप से पूरी तरह वैध है। उन्होंने यह भी बताया कि थाने में की गई शिकायत की जांच पूरी होकर मामला नस्ती (खारिज) कर दिया गया है। बावजूद इसके कुछ लोग जनता को भ्रमित करने के लिए गलत बातें फैला रहे हैं। कश्यप ने कहा कि जो भी लोग मेरे विरुद्ध साजिश रच रहे हैं उनके खिलाफ मैं न्यायालय जाने के लिए स्वतंत्र हूं। सच्चाई को कोई झुठला नहीं सकता। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे सत्य और तथ्यपरक समाचारों के माध्यम से जनता को सही जानकारी दें। मैंने हमेशा जनता की सेवा की है समाज की भलाई ही मेरा उद्देश्य है।

- थाना ने भी जांच उपरांत शिकायत को किया नस्तीबद्ध

### विवाद की पृष्ठभूमि

घुरवा समाज के कुछ सदस्यों ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया था कि एक विधवा महिला की जमीन जालसाजी से सूरज कश्यप को बेची गई। उन्होंने बताया कि यह पूरी तरह गलत है। रजिस्ट्री पूर्ण प्रक्रिया के तहत की गई थी। विक्रेता स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस में आया और सौदे की राशि 20 लाख चेक से प्राप्त किया।

### भूमि बेचने का प्रस्ताव लेकर आया था लक्ष्मन

केरता सूरज कश्यप ने बताया कि ग्राम घाटपदमुर में खसरा नं 671 रकबा 0.930 हे. भूमि को विक्रय करने का प्रस्ताव लेकर ग्राम कोरटा निवासी लक्ष्मन पिता शिबो मेरे पास आया और बताया कि मेरी जमीन को यहां रहने वाले उमाशंकर सेठिया, कृपाशंकर सेठिया और बाबूलाल सेठिया तथा उनके परिवार के लोग कब्जा नहीं छोड़ रहे है। इसलिए मैं जमीन को बेचना चाहता हूं। मैंने भूमि से संबंधित दस्तावेज मांगे जिसपर लक्ष्मन ने आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक और जमीन का राजस्व पेपर मेरे पास लाया । जिसे देखने के बाद संतुष्ट होने के उपरांत 20 लाख में सौदा तय किया गया।



### 1991 की रजिस्ट्री में क्रेता लक्ष्मन था

वंशावली और मतदाता सूची में शिबो के पुत्र लक्ष्मन और मनु है। सूरज कश्यप ने दस्तावेज दिखाते बताया कि 1991 में घाटपदमुर में बुलकु पिता टिरो से लक्ष्मन पिता शिबो ने भूमि क्रय किया था । लेकिन लक्ष्मण सिंह नाग द्वारा क्रय किए जाने का झूठा तथ्य बताया जा रहा है। रजिस्ट्री में स्पष्ट है कि जमीन की खरीदी लक्ष्मन पिता शिबो ने की थी जो वह मुझे विक्रय किया है। दस्तावेजी प्रमाण से स्पष्ट है कि मेरे द्वारा जिससे भूमि क्रय किया गया है उसी व्यक्ति ने ही 1991 में भूमि क्रय किया था। उन्होंने कहा कि सुबो पति लक्ष्मण सिंह नाग अपनी पुत्रियों के साथ मिलकर पूर्व नियोजित योजना के तहत अपने जेठ लक्ष्मन को बरगलाकर मुझे ब्लैकमेल करने के नियत से झूठी शिकायतें करवा रही है। उसी ने कलेक्टर और परपा थाना में शिकायत की थी जिसे आधारहीन मानकर नस्तीबद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं आदिवासी समुदाय का प्रतिष्ठित व्यक्ति हूं। समाज में मेरी छवि को धूमिल करने कतिपय लोग भ्रामक जानकारी फैला रहे है, जो सर्वथा अनुचित है।

### चेक से 20 लाख का भुगतान

भूमि स्वामी लक्ष्मन 27 जून 2025 को रजिस्ट्री करने के लिए आया था। रजिस्ट्री कार्यालय में लिंक फेल होने के कारण काम नहीं हुआ। स्कैनिंग के लिए च्वाईस सेंटर जाने पर आपरेटर ने बताया कि सॉफटवेयर अपडेट की प्रकिया जारी होने के कारण रजिस्ट्री अगले 7 दिन तक नहीं हो पाएगी। भूमि स्वामी ने कहा कि दूर गांव से आया हूं खाली हाथ कैसे जाउंगा। तब उसे खगेश्वर, गोपी सिंह और ललित ठाकुर के समक्ष 20 हजार नगद देने की बात सूरज कश्यप ने कही। और 16 जुलाई 2025 को भूमि स्वामी लक्ष्मन अपने साथ गोपी सिंह और खगेश्वर को लेकर रजिस्ट्री ऑफिस आया और सौदे की राशि 20 लाख 4 चेक से प्राप्त किया। खगेश्वर ने कहा कि लक्ष्मन नगद रकम मांग रहा है। जो वह चेक की राशि खाते में जमा होने पर वापस कर देगा। तब मैंने 3 लाख नगद गोपी सिंह के सामने दिया। 4 चेक की राशि लक्ष्मन की खाते में जमा हो गई लेकिन आज तक उसने 3 लाख वापस नहीं दिया है। इस तरह सौदे की राशि से 3 लाख 20 हजार अधिक लिया है। उस राशि की मांग करने पर वह अपने भाई की पत्नी सुबो के साथ मिलकर मेरे विरुद्ध षडयंत्र पूर्वक झूठी शिकायतें बार बार कर रहा है। सूरज कश्यप ने कहा कि समस्त दस्तावेजों की तस्दीक के बाद ही मैंने भूमि का क्रय किया है। मेरे द्वारा किसी भी प्रकार का छल या धोखाधड़ी नहीं किया गया है।

### छलपूर्वक नौकरी की जांच जरूरी

केरता ने कहा कि शिबो के 2 पुत्र विक्रेता लक्ष्मन एवं मनु है। मनु की मृत्यु हो चुकी है। ग्राम कोरटा में स्थापित स्मारक में मनु नाग का नाम दर्ज है। इससे स्पष्ट है कि भूमि विक्रेता लक्ष्मन का भाई मनु था। मृत्यु के बाद उसे लक्ष्मण के रूप में निरूपित किया जा रहा है। मनु तीसरी फेल था और विक्रेता लक्ष्मन का अंकसूची का उपयोग कर पीडब्लूडी में छलपूर्वक नौकरी किया जिसका जांच आवश्यक है।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**जगदलपुर।** लेप्रा सोसायटी और अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (सीएचडब्ल्यू), पर्यवेक्षक और स्टाफ नर्सों ने भाग लिया। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुष्ठ रोग, मलेरिया, फाइलेरिया, टीबी, जेई, सिकल सेल और स्केबीज जैसी सात बीमारियों के उपचार और प्रबंधन में दक्षता प्रदान की गई। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों के दौरान विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान और अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रायोगिक प्रदर्शन के साथ-साथ पूर्व और उत्तर परीक्षण भी करवाया गया। इस प्रशिक्षण में 35 सीएचडब्ल्यू, 7 स्टाफ नर्स और 7 पर्यवेक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. संजय बसाक, जिला टीबी अधिकारी डॉ. सीके मैत्री, बकावंड ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम संतोष सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पर्यवेक्षक दिनेश पराते डब्ल्यूएचओ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मिनल इंदुरकर ने प्रशिक्षण का समापन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक करना और उनके प्रबंधन में दक्ष बनाना है। कार्यक्रम के आयोजन से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही जनताः खान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आम आदमी पार्टी के नेता समीर खान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य गठन का 25 साल का सफर पूरा हुआ सरकार राज्योत्सव का जश्न मना रहा है। लेकिन बस्तर से सरगुजा तक जनता आज भी पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्मार्ट मीटर योजना लागू कर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। हजारों परिवारों के बिजली बिल अचानक दो से तीन गुना बढ़ गए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि वह बिजली बिलों की समीक्षा करे और गरीब परिवारों के लिए राहत योजना की घोषणा करे अन्यथा जनता की आवाज सड़कों पर गूंजेगी। जश्न मनाने से पहले जनता के संघर्षों पर विचार करना चाहिए। बस्तर के आदिवासी इलाकों में आज भी सड़क, बिजली, रोजगार और पानी का अभाव है। ऐसे में जश्न मनाना जनता के साथ मजाक जैसा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में जनता बनाम जश्न अभियान चलाएगी और लोगों की आवाज शासन तक पहुंचाएगी।

## कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में सफारी सत्र की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में शनिवार को नए सफारी सत्र की औपचारिक शुरूआत की गई। उद्यान के निदेशक नवीन कुमार द्वारा इस सत्र का प्रथम टिकट काटकर सफारी सत्र का शुभारंभ किया गया। इसी के साथ पर्यटक जिप्सी, सफारी का आनंद उठा सकेंगे। प्रत्येक वर्ष की भांति, मानसून काल के दौरान वन्यजीवों के प्रजनन काल और अत्यधिक वर्षा के कारण सफारी को अस्थायी रूप से बंद रखा जाता है। अब ठंड के मौसम की शुरूआत के साथ हर वर्ष 1 नवंबर से सफारी को पुनः खोला जाता है, जिससे पर्यटकों को कांगेर की प्राकृतिक सुंदरता और जैवविविधता को नजदीक से देखने का अवसर मिलता है। आज से बस्तर आने वाले पर्यटक कोटमसर गुफा, कांगेर धारा और जिप्सी, सफारी, तीनों का आनंद एक साथ उठा सकेंगे। पर्यटन को और आकर्षक बनाने के उद्देश्य से कोटमसर बैरियर पर धुरवा जनजातीय नृत्य (धुरवा डांस) का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसे इको विकास समिति, कोटमसर द्वारा संचालित किया जा रहा है।

### प्लास्टिक मुक्त सफारी का संकल्प

इस अवसर पर निदेशक नवीन कुमार ने प्लास्टिक प्रतिबंध के लिए सख्त निर्देश जारी किए। सभी सफारी वाहनों में 5 लीटर की फिल्टर वाटर केन की व्यवस्था की गई है, ताकि पर्यटक प्लास्टिक बोतलें या पॉलीथिन बैग साथ न ले जाएं। उद्यान प्रशासन ने पर्यटकों से अपील की है कि वे प्लास्टिक सामग्री का उपयोग न करें और कांगेर घाटी को स्वच्छ एवं प्राकृतिक बनाए रखने में सहयोग दें।

## वल्लभभाई पटेल की जयंती पर वॉक फॉर इंटीग्रिटी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएमडीसी लिमिटेड के बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शुक्रवार को "वॉक फॉर इंटीग्रिटी" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया, जिनकी स्मृति में यह दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित "वॉक फॉर इंटीग्रिटी" को परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी इस एकता यात्रा में सम्मिलित होकर ईमानदारी, पारदर्शिता और एकता के प्रति अपना संकल्प व्यक्त किया।

- एनएमडीसी बचेली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत हुआ कार्यक्रम

इस आयोजन में कर्मचारियों, अधिकारियों, सीआईएसएफ के जवानों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा गेस्ट हाउस परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः वहीं संपन्न हुई।

कार्यक्रम के समापन पर परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने प्रतिभागियों से कहा कि सतर्कता, ईमानदारी और उत्तरदायित्व किसी भी संगठन की प्रगति की नींव हैं। भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यसंस्कृति ही भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर कर सकती है।

कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं नागरिकों में नैतिक मूल्यों, ईमानदारी और सतर्कता की भावना को सुदृढ़ करना है।

# बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ शिक्षक की विदाई, निवास तक छोड़ने गए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिलोरी से सेवानिवृत्त हुए व्याख्याता एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक आरडी तिवारी को सम्मानित किया गया। 1 नवंबर को कर्मचारी भवन में अधिकारियों, सहकर्मियों ने उन्हें सम्मान और स्नेह दिया। बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ कर्मचारी भवन से उनके निवास हाटकचोरा तक ले जाया गया। इस सम्मान ने पूरे आयोजन को भावनात्मक और यादगार बना दिया।

- सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षक का हुआ सम्मान

फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान ने कहा कि वे अनुशासित शिक्षक के साथ खुशमिजाज, और मिलनसार कर्मचारी नेता के रूप में सदैव लोकप्रिय रहे। फेडरेशन के संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा अविभाजित मध्यप्रदेश के दौर से पहचान रही । सशक्त और निर्भीक कर्मचारी नेता के रूप में जाने जाते थे। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने कहा कि वे सदैव अपने साथियों के अधिकार की आवाज बनकर खड़े रहे। जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव और महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने उनके जीवन से जुड़ी प्रेरक घटनाओं को साझा करते उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### कर्मचारी नेताओं ने उनकी निष्ठा को सराहा

छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष डॉ लूदरसन कश्यप, मनीष ठाकुर, शेख ताहिर, शिक्षक फेडरेशन अध्यक्ष देवराज खूंटे, गणेश्वर नायक, कृषि विस्तार अधिकारी संघ के मनोज कुमार, प्रधान पाठक संघ के पीजी राव, अनिल प्रसाद गुप्ता, राजेंद्र पांडे, जी एल यादव, सुरेश चौहान, राजेश जैना, रवि प्रकाश गुप्ता, श्याम चंदेल,विनोद वर्गीज, भावना दीक्षित तथा न्यायिक कर्मचारी संघ अध्यक्ष राकेश तिवारी शामिल रहे। सभी ने तिवारी को उनकी सेवाभावना और संगठन के प्रति निष्ठा के लिए सराहना की।

### संघर्ष और सेवा ही वास्तविक सम्मान

आरडी तिवारी ने अपने दीर्घ शैक्षणिक और संगठनात्मक जीवन में विद्यार्थियों को शिक्षा और कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा संघर्ष और सेवा ही जीवन का वास्तविक सम्मान है। जो शिक्षक अपने कर्तव्य को ईमानदारी से निभाए वही सच्चा कर्मचारी कहलाता है।






# सशक्त बनने के उद्देश्य से आदिवासी बालिकाएं दिखा रही नर्स बनने में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शुक्रवार को सीएसआर विभाग, बचेली द्वारा 80 बालिकाओं को एनएमडीसी बालिका शिक्षा योजना के तहत अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद में नर्सिंग पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त करने भेजा गया। इन सभी बालिकाओं के लिए अधिष्ठापन कार्यक्रम का आयोजन मंगल भवन बचेली में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली मुख्य महाप्रबंधक ने सभी बालिकाओं को अपने उद्बोधन के माध्यम से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञातव्य है कि चयन के उपरांत 30 बालिकाओं को 8 सितम्बर को यशोदा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद तथा 90 बालिकाओं को 4 अक्टूबर को किम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, हैदराबाद भेजा गया था। कार्यक्रम में टी शिव कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), सीएस रेड्डी, उपमहाप्रबंधक (सामग्री), केपी बंसोड़, उपमहाप्रबंधक (सिविल), डॉ प्रियंका साहू, जीडीएमओ, एनएमडीसी अपोलो अस्पताल, बचेली, श्रमिक संघों के पदाधिकारी एवं परियोजना के विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस योजना का उद्देश्य बालिकाओं को निःशुल्क शिक्षा दिलवाकर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रसर करना है जिससे ये बालिकाएं भविष्य में सशक्त बन सके।

- परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


